मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–**cm-562**
**15/12/2025**

# लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल की पुण्यतिथि पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई

पटना, 15 दिसम्बर 2025 :– लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल जी की पुण्यतिथि पर राजकीय समारोह का आयोजन पटेल चौक, चितकोहरा पुल के निकट सरदार वल्लभ भाई पटेल प्रतिमा प्रांगण में किया गया। राज्यपाल श्री आरिफ मोहम्मद खान एवं मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने स्व0 सरदार वल्लभ भाई पटेल जी की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी, पथ निर्माण सह नगर विकास एवं आवास मंत्री श्री नितिन नवीन, उद्योग मंत्री श्री डॉ0 दिलीप कुमार जायसवाल, ग्रामीण विकास मंत्री श्री श्रवण कुमार, ग्रामीण कार्य मंत्री श्री अशोक चौधरी, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण मंत्री श्री संजय कुमार सिंह, विधायक श्री श्याम रजक, विधायक श्री अरूण मांझी, विधान पार्षद श्रीमती कुमूद वर्मा, राज्य नागरिक परिषद् के महासचिव श्री अरविंद कुमार सहित अन्य सामाजिक एवं राजनीतिक कार्यकर्ताओं ने स्व0 सरदार वल्लभ भाई पटेल जी की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग के कलाकारों द्वारा आरती पूजन, भजन, कीर्तन, बिहार गीत एवं देशभक्ति गीत के कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये और उनके व्यक्तित्व, कृतित्व तथा राष्ट्र निर्माण में उनके द्वारा दी गई त्याग, बलिदान को याद करते हुये उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गयी।

******